आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत


धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं





● वर्ष- 16 अंक 258 ● कटनी ● शनिवार, 22 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935







## रीवा में दर्दनाक सड़क हादसा बस-ट्रक की जबरदस्त टक्कर

# 15 मुसाफिर नींद में ही मौत के आगोश में

**रीवा,यशभारत। रीवा जिले के सोहागी पहाड़ में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। 3 वाहनों की भीषण टक्कर हो जाने से लगभग 15 मजदूरों की मौत हो गई है जबकि 40 लोग घायल हुए हैं। यह हादसा एमपी-यूपी की सीमा को जोड़ने वाले नैशनल हाईवे 30 पर हुआ है। ये सभी मजदूर दिवाली मनाने घर जा रहे थे। घटना की जानकारी लगने के बाद सोहागी पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में घायल हुए लोगों को त्योंथर सिविल अस्पताल के साथ ही रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है।**





हादसा इतना भीषण था कि चार से ज्यादा लोग बस के अगले हिस्से में फंस गए। इन्हें जेसीबी से काटकार बाहर निकाला गया।रीवा कलेक्टर मनोज पुष्प ने बताया कि बस के अगले हिस्से को ज्यादा नुकसान हुआ। रफ्तार ज्यादा होने से यह ट्रेलर में घुस गया। इससे बस के केबिन और फ्रंट सीट पर बैठे यात्रियों की मौत हुई है।घायल यात्रियों को संजय गांधी अस्पताल (रीवा) भेजा गया है। उधर, स्क्र नवनीत भसीन ने बताया, च्ट्रेलर के सामने का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। ऐसे में आशंका है कि ट्रेलर भी आगे जा रहे वाहन से टकराया होगा। ट्रेलर ड्राइवर ने अचानक से ब्रेक लगाए होंगे, इतने में पीछे से आ रही बस ट्रेलर में घुस गई। ट्रेलर के ड्राइवर और क्लीनर मौके से फरार हो गए हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देर रात रीवा जिले में हुए सड़क हादसे पर दुख व्यक्त किया है। चौहान ने शनिवार सुबह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात की और बताया कि हादसे में जिन यात्रियों की मृत्यु हुई है उनके पार्थिव शरीर अभी त्योथर में रखे हुए हैं, मध्यप्रदेश शासन द्वारा उन्हें ससम्मान प्रयागराज पहुंचाया जाएगा।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

मध्य प्रदेश के रीवा में हुए हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए PMNRF से 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

### घायलों का रीवा के अस्पताल में भर्ती किया गया है

यह पूरी घटना शुक्रवार की रात की बताई जा रही है। बस जबलपुर से चलकर रीवा के रास्ते प्रयागराज जा रही थी। बताया जा रहा है कि दीपावली की खुशियां मनाने सिकंदराबाद से बस में सवार होकर यात्री अपने घर लखनऊ जा रहे थे। इस बीच पहले यात्री बस कटनी पहुंची। बस में लखनऊ के लिए कटनी से और सवारियों को भरा गया। इसके बाद बस सवारियों को लेकर उत्तर प्रदेश के लखनऊ के लिए रवाना हुई। जैसे ही बस रीवा के सोहागी पहाड़ में पहुंची तो अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। वह ट्रक गिट्टी से लोड था। टक्कर लगते ही बस पलट गई। इस दौरान बस के बोनट और आगे की सीट पर बैठे सभी यात्रियों की मौत हो गई।

### बस में सवार थे 100 से अधिक यात्री

बताया जा रहा है कि बस में 100 से अधिक यात्री सवार थे। दरअसल बस जैसे ही सोहागी पहाड़ के समीप पहुंची तभी बस के आगे जा रहे ट्रक की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। इस दौरान अनियंत्रित होकर बस भी ट्रक के पीछे से भिड़ गई और पलट गई। जिस वाहन की ट्रक से भिड़ंत हुई थी, उसका ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से लापता है। घटना के बाद से पुलिस इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। पुलिस की मानें तो मृतकों में सभी यात्री उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल के रहने वाले हैं, जिनके परिजनों को खबर करने के लिए अभी प्रशासनिक टीम उनकी तलाश कर रही है।

## भोपाल में भारत पेट्रोलियम डिपो में डीजल टैंक फटने से लगी आग

## 7 कर्मचारी घायल

**भोपाल,यशभारत।** भोपाल के बकानिया स्थित पेट्रोलियम डिपो में रात 7.47 बजे हुए ब्लास्ट में 7 लोग बुरी तरह झुलस गए। फिलिंग पॉइंट नंबर 1 पर 12 हजार लीटर के टैंकर में ईंधन भरा जा रहा था। टैंकर के एक पार्ट में अचानक तेज धमाका हुआ। धमाके के साथ ही आग की लपटें उठने लगीं। टैंकर एचपीसीएल का था। हादसे में एक ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया। धमाका इतना तेज था कि एयर फैन भी उड़ गया। मौके पर खड़े टैंकर के ड्राइवर और



कंडक्टर झुलस गए। एक कर्मचारी भी घायल हो गया। बीपीसीएल प्रबंधन तुरंत एक्टिव हो गया। 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। सभी को चिरायु अस्पताल ले जाया गया। गंभीर घायलों को आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। पुलिस ने फिलिंग पॉइंट को सील कर दिया है। कलेक्टर अविनाश लवानिया का कहना है कि घटना की विस्तृत जांच की जाएगी। इसके बाद ही सही कारणों का पता चल पाएगा।हादसे में 7 लोग घायल हो गए।

# आशीष हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर एमपी गुप्ता के पुत्र का शव शहडोल पाली के पास मिला

**जबलपुर यश भारत। 2 दिन से गायब आशीष हॉस्पिटल के संचालक डॉ एमपी गुप्ता के पुत्र डॉक्टर शिवकांत गुप्ता का शव शहडोल के पाली ट्रैक के पास बरामद हुआ है पास में ही उनकी कार पुलिस ने जप्त की है। पुलिस ने प्रकरण को जांच में लिया है । इस घटना के बाद कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। घटनास्थल से 15 किलोमीटर दूर कार मिलना और ट्रेक के पास शव बरामद होना भी पुलिस के लिए जांच का विषय है। इधर गोसलपुर के बाद पुलिस शिवकांत की गाड़ी को ट्रेस नहीं कर पाई।**

### आत्महत्या से कई सवाल खड़े हुए




आशीष अस्पताल, इनसेट में मृतक डॉ. शिवकांत का जीवित अवस्था का चित्र

मदन महल पुलिस के अनुसार आशीष हॉस्पिटल के संचालक एमपी गुप्ता नेपियर टाउन निवासी के पुत्र डॉक्टर शिवकांत गुप्ता 40 वर्ष 2 दिन पहले सुबह 5.30 बजे अपनी कार से घर से रवाना हो गए थे लेकिन इसके बाद उनका कहीं पता नहीं चला अपने रिश्तेदार परिचितों और शिवकांत गुप्ता के दोस्तों से उसके आने के बारे में जानकारी ली थी लेकिन कहीं भी शिवकांत का पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने मदन महल थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मदन महल पुलिस को सुबह शहडोल पुलिस से सूचना प्राप्त हुई कि जबलपुर से गायब डॉक्टर पुत्र की लाश नौराबाद के आगे पाली ट्रैक पर लहूलुहान हालत पर पड़ी हुई है साथ ही एक कार भी कुछ ही दूरी पर पाई गई है। जानकारी लगने के बाद मदन महल पुलिस ने परिजनों को इसकी सूचना दी और मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि शिवकांत घटना स्थल पर आटो से गया या किसी किसी साधन से यह भी जांच की जा रही है।

### मोबाइल घर पर ही रख कर गायब हुए थे

मदन महल पुलिस के अनुसार शिव कांत गुप्ता जब घर से गायब हुए थे तो वह अपना मोबाइल घर पर ही रख कर चले गए थे रोजाना की तरह सुबह अपनी गाड़ी से वॉक के लिए निकले थे लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं आए।शिव कांत गुप्ता के गायक हो जाने के बाद चिकित्सा क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं थी कहा जा रहा था कि शिवकांत गुप्ता का अपहरण किया गया है। इसको लेकर भी पुलिस जांच कर रही थी लेकिन शनिवार की सुबह उनकी लाश रेलवे ट्रैक के पास मिलने से चर्चाओं पर विराम लगा। पुलिस आत्महत्या एंगल से लेकर किन कारणों से यह आत्मघाती कदम उठाया इस पर जांच कर रही है। डॉक्टर शिवकांत गुप्ता की आत्महत्या के पीछे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। घर पर फोन रखकर अकेले उस रास्ते में जाना जहां कभी वह गए नहीं। इसके बाद घटना स्थल से करीब 15 किलोमीटर दूर कार का बरामद होना कई सवाल को खड़ा कर रहा है। चर्चा है कि अगर डॉक्टर को आत्महत्या करनी थी तो वह यह काम घर पर रहकर ही कर सकते थे इतने दूर जाने की क्या जरूरत थी। सबसे अहम सवाल कार को इतनी दूर खड़ी करके वह घटना स्थल तक कैसे पहुंचेंगे इन सभी सवालों का जवाब पुलिस तालाश रही और जांच में जुटी हुई हैं।

### कुछ लोगों से अच्छी दोस्ती रोज हो रहा था घूमना

सूत्रों का कहना है कि डॉक्टर शिवकांत गुप्ता की अस्पताल के कुछ लोगों से अच्छी खासी दोस्ती थी, रोजाना उनके साथ घूमने जाना और देररात घर लौटना शिवकांत की दिनचर्या हो गई थी।

### वरिष्ठ आईएएस के साले थे शिवकांत, अविवाहित थे

डॉक्टर शिवकांत आत्महत्या को लेकर पुलिस जांच में जुटी है। डॉक्टर शिवकांत एक वरिष्ठ आईएएस के साले थे। बताया जा रहा है कि शिवकांत ने अभी विवाह नहीं किया था।




### धनतेरस पर मप्र में गृह प्रवेशम्

## पीएम साढ़े 4 लाख परिवारों को देंगे अपने घर का उपहार

**भोपाल,यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धनतेरस के अवसर पर मध्य प्रदेश के साढ़े 4 लाख परिवारों को दीपावली के पूर्व च्अपने घरज का उपहार देंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पीएम मोदी इन परिवारों को धनतेरस के दिन प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास की सौगात देते हुए वर्चुअल गृह-प्रवेश करवाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गृह-प्रवेशम के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सतना से शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार दोपहर तीन बजे होगा। प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) निर्माण में मध्य प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। प्रतिमाह आवास निर्माण की संख्या करीब एक लाख तक पहुंच गई है। पिछले वित्त वर्ष में 2 लाख 60 हजार आवास पूर्ण किए गए थे। इस वित्त वर्ष के शुरुआती 6 माह में 4 लाख 30 हजार से अधिक आवास पूर्ण कर लिए गए हैं। प्रदेश में योजना में अब तक 48 लाख ग्रामीण आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 29 लाख आवास पूर्ण हो गए हैं। इन आवासों पर 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक व्यय हुआ है। विशेष परियोजना में गुना एवं श्योपुर जिलों में 18 हजार 342 आवास स्वीकृत हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के बजट में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इस वर्ष के बजट में 400 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस वित्त वर्ष में योजना पर अमल के लिए प्रदेश के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रावधान है जिसमें 6 हजार करोड़ रुपये केन्द्र सरकार और 4 हजार करोड़ रुपये राज्य सरकार देगी।

## 9वीं के छात्र से सीनियरों ने की मारपीट गंदे पानी में बनाया मुर्गा

### टीकमगढ़ के स्कूल में रैगिंग

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के सरोज कान्वेंट प्राइवेट स्कूल के 9वीं कक्षा के छात्र के साथ रैगिंग का मामला सामने आया है। यहां उसके साथ स्कूल में कक्षा 10वीं और 11वीं में पढ़ने वाले छात्रों ने मारपीट की। यही नहीं करीब आधा दर्जन छात्रों ने मिलकर उसे बेरहमी से पीटने के बाद गंदे पानी से भरे गड्ढे में उसे मुर्गा बना दिया। छात्र ने बताया कि 13 अक्टूबर को वह पुलिस लाइन रोड पर जा रहा था। तभी उसके स्कूल की कक्षा 10वीं और 11वीं के छात्र वहां आए और जबरन बाइक पर बैठाकर ले गए। करीब आधा दर्जन सीनियर छात्रों ने मिलकर बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी एक आंख और कान में गंभीर चोट आई है। बेहोशी की हालत में सीनियर छात्र उसे छोड़कर भाग गए।बताया जा रहा है कि इस घटना से डरे हुए छात्र ने स्कूल जाना तक बंद कर दिया। घटना के 7 दिन बाद भी कोतवाली पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया है। पी?ित छात्र ने 14 अक्टूबर को इस मामले में कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित छात्र ने कहा कि मारपीट के बाद सीनियर छात्रों ने मोबाइल तोड़ दिया और जेब में रखे 2710 रुपए भी छीनकर ले गए।


## खरगोन में चाकलेट लेने जा रही मासूम पर कुत्तों ने किया हमला, मौत

**खरगोन, ईएमएस।** कुत्तों के हमले से घायल पांच वर्षीय एक मासूम की मौत हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर जिले के बकावा गांव की बताई जा रही है। घटना के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि पांच वर्षीय सोनिया की गर्दन कुत्ते ने दबोच ली। हमने काफी प्रयास किए, लेकिन कुत्ते ने बच्ची की गर्दन को नहीं छोड़ा। बड़ी मुश्किल से कुत्ते के चंगुल से बच्ची को छुड़ाया, तब तक देर हो चुकी थी।बच्ची को लहूलुहान हालत में अस्पताल लेकर आए, जहां उसने दम तोड़ दिया। बच्ची के स्वजन ने बताया कि बच्ची घर से किराना दुकान पर चाकलेट लेने जा रही थी। इसी दौरान घटना हुई। बच्ची के पिता एमपीलाल घटना के समय मजदूरी करने गए थे।

## पीएम मोदी ने लॉन्च किया मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव

**नई दिल्ली,ईएमएस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनतेरस पर आज मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव की लॉन्चिंग की। इसके तहत 50 केंद्रीय मंत्रियों ने अलग-अलग लोकेशन पर 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र यानी अपॉइंटमेंट लेटर सौंपे।**

इस ड्राइव के जरिए अगले डेढ़ साल यानी दिसंबर 2023 तक 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का टारगेट है। समारोह के दौरान ही पीएम ने युवाओं से वर्चुअली बातचीत भी की। केंद्र सरकार की तरफ मिलने वाली 10 लाख नौकरियों के लिए केंद्र सरकार के 38 मंत्रालयों और विभागों में खाली पदों का डेटाबेस तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री ने इसी साल



### 50 केंद्रीय मंत्रियों ने 75 हजार युवाओं को सौंपे अपॉइंटमेंट लेटर, 38 मंत्रालयों में होंगी भर्तियां

जून में मंत्रालयों और विभागों में मैन पावर की समीक्षा की थी। सभी भर्तियां PSC, SSC, रेलवे भर्ती बोर्ड और दूसरी केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से की जाएंगी।अभीग्रुप ए (गजेटेड) कैटेगरी में 23584, ग्रुप बी (गजेटेड) कैटेगरी में 26282, वहीं ग्रुप सी की नॉन गेजेटेड कैटेगरी में 8.36 लाख पोस्ट खाली हैं। अकेले रक्षा मंत्रालय में 35ग्रुप बी (नॉन गेजेटेड) के 39366 और ग्रुप सी के 2.14 लाख पद खाली हैं। रेलवे में ग्रुप सी के 2.91 लाख और गृह मंत्रालय में ग्रुप सी नॉन गेजेटेड कैटगरी के तहत 1.21 लाख पद खाली हैं। पीएम के इस मेगा जॉब कैंपेन के तहत रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, श्रम और, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल , केंद्रीय जांच ब्यूरो , सीमा शुल्क और बैंकिंग, सशस्त्र बल कर्मी, सब-इंस्पेक्टर, कॉन्स्टेबल, LDC, स्टेनो, PA और इनकम टैक्स इंस्पेक्टर सहित 38 विभागों में देशभर से चुने गए युवाओं को नौकरियां दी जाएंगी।







# महंगाई के बावजूद उम्मीद का धनतेरस

## दो साल बाद अच्छे कारोबार की उम्मीद, इलेक्ट्रॉनिक्स में दिख रहा मुनाफा



**कटनी,यशभातर।** धनतेरस आज शनिवार और कल भी मनाया जा रहा है। इसे देखते हुए बाजार सज कर तैयार है। बीते दो साल में कोरोना की वजह से कारोबार मंदा रहा था, लेकिन इस बार व्यापारियों को धनतेरस पर धन वर्षा की उम्मीद है। बर्तन, ऑटोमोबाइल, कपड़ा, ज्वेलरी समेत अन्य कारोबारियों को धनतेरस पर अच्छी बिक्री की उम्मीद है। इस बार धनतेरस पर 75 करोड़ से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है। मिठाई की जगह चॉकलेट पैक, ड्राई फूट, पेय पदार्थों को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। बीते दो वर्षों से कोरोना की वजह से बाजार में मंदी थी, लेकिन इस बार धनतेरस और दीपावली को लेकर ऑटो मोबाइल, बर्तन, सराफा, कपड़ा, मिठाई, गिफ्ट आइटम और पूजन सामग्री का कारोबार अच्छा हो रहा है। व्यापारियों ने बताया कि पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है। धनतेरस और दीपावली पर अच्छा व्यापार होने की आस है। बाइक शोरूम के मालिक शरद सरावगी ने बताया कि धनतेरस के लिए दुपहिया वाहनों की बुकिंग हो रहीं है। जिले भर में एजेंसियों पर बीते व वर्षों की तुलना में अधिक वाहनों की बुकिंग हो चुकी है। शो स्टापर के संचालक अक्षय सचदेवा ने बताया कि कपड़ा मार्केट में ग्राहकों की संख्या बढ़ गई है। ग्राहक त्योहर के लिए कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। तुलसी फैसन के संचालक साहिल सचदेवा ने कहा कि नवरात्र से ही कपड़ा कारोबार अच्छा चल रहा है। धनतेरस और दीपावली से कारोबारियों को काफी उम्मीद है। इलेक्ट्रानिक्स प्रकाश रूपचंदानी कारोबारी ने बताया कि त्योहारों को लेकर इलेक्ट्रानिक्स के कारोबार में भी उछाल है। लोगों ने धनतेरस व दीपावली पर एलईडी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, गीजर आदि खरीदने को बुकिंग कराई है। इस बार बीते दो सालों की अपेक्षा बढ़ा है।

## एक नजर में कारोबार मुहूर्त

-- 15 करोड़ का सराफा कारोबार होने की उम्मीद
-- 8 करोड़ वाहनों का कारोबार होने की आस
-- 5 करोड़ का मिठाई और गिफ्ट आइटम
-- 15 करोड़ का कपड़ा व्यापार
-- 20 करोड़ का इलेक्ट्रानिक व्यापार
-- 1 करोड़ का पूजन सामग्री का कारोबार



### सामान खरीदने का शुभ मुहूर्त

– वैसे तो धनतेरस के दिन कभी भी खरीदारी की जा सकती है। फिर भी मुहूर्त में की गई खरीदारी स्थायी होती है। अत: स्थिर लग्न में सोना-चांदी की खरीदारी करें।

स्थिर- लग्न, वृष सायं 07.03 से 08.59 बजे तक
सिंह – रात्रि 01.31 बजे से 03.45 बजे तक।
वृश्चिक – प्रात: 08.13 बजे से 10.30 बजे तक।
कुम्भ – दिन में 02.23 बजे से 03.54 बजे तक।

### जय योग और त्रिपुष्कर योग में होगी धन त्रयोदशी की पूजा

दीपावली की शुरुआत धनतेरस से होती है। मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान धंवन्तरि और कुबेर की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। इसके साथ ही इस दिन सोना-चांदी व बर्तन खरीदने की परंपरा है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 22 अक्तूबर को धनतेरस मनाई जाएगी। ज्योतिषी ने बताया कि 22 और 23 दोनों दिन त्रयोदशी तिथि होने से खरीदारी के लिए दोनों दिन शुभ हैं।

### कब करें दीपदान

धनतेरस का त्योहार दो दिन मनाए जाने के कारण लोगों के बीच असमंजस की स्थिति है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, 22 अक्तूबर को सायं काल 5.45 बजे दीपदान किया जाएगा। इसी समय कुबेर तथा मां लक्ष्मी की पूजा की जाएगी। वैद्य भगवान धंवन्तरि की पूजा रविवार को सूर्योदय से शाम 5 बजे तक होगी।

कटनी की प्रथम अत्याधुनिक
32-96 स्लाइस की मशीन
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
ई.सी.जी. रिपोर्टिंग मशीन सुविधा उपलब्ध
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

धनतेरस एवं दीपावली की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ धनतेरस
स्वर्ण, रजत आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
प्रथम ज्वेलर्स
नोट- जेवर गिरवी रखे जाते हैं
स्वर्ण प्लाजा मार्केट सराफा बाजार, कटनी
प्रो. आशीष सोनी, मो. 9302246647

## सड़क हादसे में मौत के बाद परसेल में एक साथ उठी दो युवकों की अर्थियां

### गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार



**कटनी, यशभारत।** उमरियापान थाना क्षेत्र के परसेल निवासी दो युवकों की गुरुवार रात को नेशनल हाइवे-30 में सड़क हादसे में मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने सिहोरा अस्पताल में दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है। परिजन दोनों युवकों का शव लेकर परसेल गांव पहुंचे। गांव में मातम सा छा गया। दोनों युवकों के घरों में लोगों की भीड़ जमा हो गई। शुक्रवार दोपहर को गमगीन माहौल में एक साथ दोनों परिवार के लोगों ने युवकों का अंतिम संस्कार किया। गोसलपुर थाना प्रभारी अनिल मिश्रा के अनुसार परसेल निवासी 25 वर्षीय रामजी चौधरी अपनी ससुराल गांधीग्राम बुढागर 16 वर्षीय आशीष चौधरी को साथ लेकर गया था। ससुराल से वापस परसेल लौटते समय गांधीग्राम हाईस्कूल के पास सामने से आ रहे हाइवा क्रमांक एम.पी.20एचबी-4854 के चालक ने टक्कर मार दी। घटना में दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया।

## त्यौहार पर ट्रेनों में नो रूम




**कटनी,यशभारत।** मुंबई या फिर बिहार उत्तरप्रदेश की ओर से आने वाली दीपावली की भीड़ बढ़ गई है। इस हफ्ते ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ रहेगी। इस कारण यात्रियों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है। लंबी दूरी की ट्रेनें नो रूम दिखाने लगी हैं। अब तत्काल टिकट ही सहारा बचा है। दिपावली के बाद छठ पूजा का लोड बढ़ जाएगा। अब तत्काल टिकट ही सहारा बचा है। लोगों ने दीपावली को लेकर पहले से ही टिकट बुक कर लिए थे। कई ट्रेनों में 22 और 23 अक्तूबर की तारीखों में नो रूम घोषित कर दिया गया है। रेलवे अधिकारी भी कह रहे हैं कि दिवाली पर दो दिन पहले से ट्रेनों में तिल रखने की जगह नहीं होगी। कटनी से भोपाल, नागपुर और प्रयागराज, बिलासपुर, इंदौर कोटा रायपुर आदि स्थानों पर आने जाने वाली वाली ट्रेनों में नो रुम की स्थिति है। इसके अलावा भोपाल की ओर जाने वाली रेवांचल एक्सप्रेस सहित नर्मदा एक्सप्रेस में भी वेटिंग है जाने से ज्यादा वापसी वाली ट्रेनों में भीड़ है। यही हाल बिहार यूपी की ट्रेनों में भी है। रेल सूत्रों के अनुसार दिवाली के बाद छठ पूजा पर यह हालात और भी विकट होंगे। दिवाली के अगले हफ्ते ही छठ का त्योहार है। इस त्योहार पर भी लोगों ने घर जाने के लिए बड़े पैमाने पर आरक्षण करा रखे हैं। इस वजह से दिवाली के बाद भी ट्रेनों में जगह मिलना आसान नहीं होगा। छठ पूजा के लिए घर जाने वालों ने भी करीब दो महीने पहले से आरक्षण करा रखे हैं। छठ पूजा पर लोग बिहार के लोग अपने घर जाते हैं। जिससे मेल महानगरी, जनता जैसी एक्सप्रेस पर पर ज्यादा लोड है। वहीं गुजरात के उधना व वाणारसी के बीच साप्ताहिक ट्रेन का संचालन किया है। इससे लोगों को बड़ी राहत रहेगी। गुजरात से बड़ी संख्या में लोग ग्वालियर आते हैं। इस ट्रेन में भी वेटिंग बढ़ गई है। गुजरात से भी बड़ी संख्या में लोग ग्वालियर चंबल संभाग आते हैं।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
दोपहर 12.45, 3, 5.15, एवं सायं 7.30 बजे से
थैंक गॉड
कलाकार- सिद्धार्थ मल्होत्रा, अजय देवगन, रकुलप्रीत सिंह, विक्रम कोचर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ
डॉ. देबनाथ
लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।
पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित।

### कार्यालय-नगरपालिक निगम,कटनी (म0प्र0)

क्रमांक / 3767 /विधि० शा./2022 — **तामीली सूचना** — कटनी, दिनांक-20/10/2022

माननीय उच्च न्यायालय,म0प्र0 जबलपुर में नगरपालिक निगम,कटनी द्वारा विघटित नगर सुधार न्यास कटनी की योजना क्रमांक -02 के संबंध में प्रस्तुत याचिका क्रमांक एम.ए. 684/2021 में सुनवाई दिनांक 13.10.2022 में पारित आदेश के परिपालन में याचिका से संबंधित समस्त प्रतिवादियों सर्वश्री महेन्द्र कुमार चम्पुरिया वल्द स्व० श्री रघुनाथ प्रसाद, सतीश कुमार वल्द महेन्द्र कुमार चम्पुरिया, शिवकुमार वल्द महेन्द्र कुमार चम्पुरिया, सत्येन्द्र कुमार चम्पुरिया वल्द महेन्द्र कुमार चम्पुरिया, कु0 सविता वल्द वल्द महेन्द्र कुमार चम्पुरिया, श्रीमती सावित्री देवी ध0प0 श्री नरेन्द्र कुमार चम्पुरिया, धरिन्द्र कुमार वल्द नरेन्द्र कुमार चम्पुरिया, वीरेन्द्र कुमार वल्द नरेन्द्र कुमार चम्पुरिया, शैलू चम्पुरिया वल्द नरेन्द्र कुमार चम्पुरिया, कु0 कविता चम्पुरिया वल्द नरेन्द्र कुमार चम्पुरिया, अरविन्द कुमार वल्द जागेश्वर प्रसाद चम्पुरिया, प्रशांत कुमार वल्द जागेश्वर प्रसाद चम्पुरिया व सविता वल्द जागेश्वर प्रसाद चम्पुरिया एवं अन्य निवासी-कटनी को सूचित किया जाता है कि आगामी सुनवाई दिनांक 29.11.2022 तक माननीय उच्च न्यायालय, म0प्र0 जबलपुर में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, ताकि याचिका में आगामी कार्यवाही हो सके।

(सत्येन्द्र सिंह धाकरे)
आयुक्त, नगरपालिक निगम,कटनी

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 25 से
सुबह 10.30, 1.15, 4,7 एवं रात्रि 10.15 बजे से
Ram Setu
रामसेतु
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
केवल चार दिनों के लिए
रोजाना 4 शो ता. 21 से
दोपहर 1. 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से
BLACK ADAM
ब्लैक एडम (हिन्दी में)
कलाकार- डवेन जान्शन, जेनिफर हालेंड, सारा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

प्लाट बेचना है
दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो. 9827340910

श्री SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

आज़ादी का अमृत महोत्सव
प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

सबका विश्वास
2024 तक सबको आवास

धनतेरस के शुभ अवसर पर



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण
के अन्तर्गत
# 4 लाख 51 हजार लाभार्थियों का
# गृह-प्रवेशम्

- अब तक 29 लाख घर बनाकर लाभार्थियों को दिए गए
- नये रोज़गार सृजित, 9 हजार महिलाओं सहित 51 हजार राजमिस्त्री प्रशिक्षित
- 37 स्व-सहायता समूहों के द्वारा फ्लाई ऐश ब्रिक्स का निर्माण
- 9995 स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण की सहायता देकर सेंटरिंग कार्य से जोड़ा गया
- निर्माण सामग्री हेतु विशेष मोबाइल ऐप




प्रधानमंत्री
## नरेन्द्र मोदी
के कर-कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति
## शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11124/22

**डॉ. महेन्द्र सिंह सिसौदिया**
मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
मध्यप्रदेश शासन

**कुंवर विजय शाह**
मंत्री, वन विभाग, मध्यप्रदेश शासन
प्रभारी मंत्री, जिला सतना

**रामखेलावन पटेल**
राज्यमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
मध्यप्रदेश शासन

**गणेश सिंह**
सांसद, सतना
मध्यप्रदेश

**22 अक्टूबर 2022, अपराह्न 03:00 बजे, बी.टी.आई. मैदान, सतना, मध्यप्रदेश**

सीधा प्रसारण
DD NEWS दूरदर्शन एवं अन्य चैनल्स
https://pmindiawebcast.nic.in
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2022



# आज धनतेरस पर 2100 दीपकों से जगमगाएगा श्री बटेश्वर धाम

**भोपाल यश भारत।** आज धनतेरस के साथ दीपोत्सव पर्व की शुरुआत हो गई है। मंदिरों में भी इस अवसर पर विशेष आयोजन हो रहे हैं। पुराने शहर के कायस्थपुरा में स्थित श्री बड़वाले महादेव मंदिर में धन्वंतरि जयंती एवं शनि प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर एवं मां गौरा की रजत प्रतिमा का विशेष श्रृंगार कर 2100 तेल के दिये लगाए जाएंगे। मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि शाम चार बजे दूध, पंचामृत, गन्ने का रस एवं नर्मदाजल से बाबा का अभिषेक कर माता गौरा एवं भोलेनाथ की रजत प्रतिमा का फूल, रत्न तथा नए नोट से श्रृंगार कर महाआरती होगी। इसके साथ-साथ शहर के प्राचीन लखेरापुरा के श्रीजी मंदिर में दीपावली पर्व मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन 27 तक होंगे।

### 21 किलो पारे के श्रीयंत्र का 1008 नोटों से होगा सहस्त्रार्चन

उधर, टीटी नगर मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर पर धनतेरस के मौके पर भगवान लक्ष्मी-नारायण का विशेष श्रृंगार किया गया है। मंदिर के व्यवस्थापक पंडित चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर को दीपावली के पावन पर्व पर धनतेरस पर विद्युत साज-सज्जा की गई है। लक्ष्मी-नारायण को सजाया गया है। दीपावली की रात 10-30 बजे पूजन प्रारंभ होगा। जिसमें 21 किलो पारे के श्रीयंत्र का 1008 नोटों से सहस्त्रार्चन किया जाएगा। ललिता सहस्त्रनाम से मां लक्ष्मी का विशेष पूजन होगा। हवन के बाद आरती होगी। हर वर्ष व्यापारी अपनी राशि मंदिर को समर्पित करते हैं। उस राशि को लक्ष्मी पूजन में रखकर पूजन किया जाता है।

### 2022 दीपों से जगमग हुआ गौहर महल

उधर, गौहर महल में चल रहे दीपोत्सव मेले में शुक्रवार को एक साथ 2022 दीये जलाए गए। इससे पूरा महल व मेला परिसर दीपों की रोशनी से जगमग हो गया और लोगों को दीपावली जैसा नजारा देखने को मिला। दीयों की रोशनी से गौहर महल की सुंदरता में चार चांद लग गए। बता दें कि हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम द्वारा पिछले साल 2021दीये जलाए गए थे। इस साल 2022 दीये एक साथ प्रज्वलित किए गए। मेला प्रभारी ने बताया की दीप प्रज्वलन के दौरान कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव मनु श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक हाथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास निगम अनुभा श्रीवास्तव, वास्तुविद रबीशा मर्चेंट, समस्त शिल्पी, विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। मेले का समापन 23 अक्टूबर को होगा। उल्लेखनीय है कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा हाथकरघा एवं हस्तशिल्प और मिट्टीकला के कारीगर, बुनकरों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गौहर महल में चल रहे मेले में 55 से अधिक स्टाल लगे हैं, जहां विक्रय और प्रदर्शन किया जा रहा है। यहां धमना, डिंडोरी का टेराकोटा का दीया और महेश्वर तथा चंदेरी की साड़ियां मुख्य आकर्षण हैं।

# उमा बोली आहतों को सरकार ने दी स्वीकृति

## नीति बदलने बिना उनको बंद करने की मेरी चेष्टा अर्थहीन होगी

**भोपाल , यशभारत।** मध्य प्रदेश में शराबबंदी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने सरकार की टेंशन फिर बढ़ा दी है। शुक्रवार को एक के बाद एक ट्वीट में उमा भारती ने कहा कि आहतों को सरकार ने स्वीकृति दी है। ऐसे में मेरी उनको बंद करने की चेष्टा अर्थहीन है, जब तक सरकार नीति न बदलें। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि 2 अक्टूबर के कार्यक्रम के बाद सरकार ने जो हुक्का बार लाउंज बंद कराने की सख्त कार्रवाई की वह अभिनंदनीय पहल है। मुझे सरकारी सूत्रों से ही यह जानकारी दी गई थी कि अहाते गैरकानूनी हैं यह वर्तमान शराब नीति का हिस्सा नहीं है हो भी नहीं सकते क्योंकि शराब पी करके गाड़ी चलाना कानूनन अपराध है। भारती ने कहा कि जब रायसेन रोड के अयोध्या बाईपास के प्राचीन मां दुर्गा मंदिर के ठीक सामने 100 मीटर से भी कम दूरी पर शराब की दुकान एवं अहाते को बंद करने के लिए सरकार ने नोटिस दिया तो फिर वह कोर्ट से स्टे लेकर आ गए।



उन्होंने कहा कि तब मुझे आश्चर्य हुआ इसलिए मैं स्वयं उस अहाते को बंद कराने के लिए पहुंची फिर उसके मैनेजर ने एवं जिला प्रशासन ने सरकारी अनुमति के कागज दिखाए तो स्वभाविक है उसको स्टे मिलना ही था। भारती ने कहा कि इस तथ्य से वाकिफ होने के बाद में मुझे सदमा लगा एवं लज्जित हुई। उन्होंने कहा कि जब अहातों को सरकार ने स्वीकृति दी हुई है तो मेरी उसको बंद कराने की चेष्टा तब तक अर्थहीन हो जाएगी जब तक कि सरकार अपनी नीति ना बदले। मैं प्रतीक्षा कर रही हूं कि सरकार जिस दिन म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत स्थापित आबकारी नियम 1996 के बिन्दु क्रमांक-8 एवं आबकारी नीति वर्ष 2022-23 के बिन्दु क्रमांक - 3 (शॉपबार) का विलोपन कर देगी अहाते अपने आप बंद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि चूंकि अहाते भी दुकानों के टेंडर का हिस्सा रहे हैं, इसलिए उनकी कुछ आर्थिक भरपाई करनी पड़ेगी। जिससे लाखों लोगों की सुरक्षा, लाखों महिलाओं की इज्जत एवं लाखों नौजवानों का भविष्य प्रतिदिन संकट में रहता हो, नई शराब नीति भले ही मार्च में आए किंतु अहाते तुरंत बंद कर देना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि अभी हाल ही में मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में करने में मध्य प्रदेश मॉडल स्टेट बना और हाल ही में यूपी में भी उसी तर्ज पर मेडिकल शिक्षा हिंदी माध्यम से करने की घोषणा कर दी है।

# भोपाल में अगस्त 2023 में मेट्रो होगी प्रारंभ

### एक महीने में सामने आएगा मास्टर प्लान

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बयान देते हुए कहा कि भोपाल का मास्टर प्लान एक महीने में आ जाएगा। इसके बाद इसे एक महीने दावे-आपत्ति के लिए रखा जाएगा। जिसके बाद मास्टर प्लान का फाइनल प्रकाशन किया जाएगा। इसी दौरान उन्होंने कहा कि मेट्रो का काम समयसीमा के अनुसार चल रहा है। और भोपाल में अगस्त 2023 में मेट्रो शुरू कर देंगे। दरअसल भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट द्वारा 6 जून 2022 के आंकड़ों के अनुसार भोपाल में प्राथमिकता गलियारे के 6.225 किमी वायडक्ट का कार्य प्रगति पर हैं। कार्य की प्रगति 80.03 त्न है।प्राथमिकता गलियारे के 8 स्टेशनों के निर्माण के लिए कार्यादेश कर दिया गया है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। भोपाल डिपो सिविल और ई एंड एम वर्क्स का कार्यादेश जारी किया गया है। और निर्माण कार्य प्रगति पर है।



# आज धनतेरस पर बर्तन बाजार गुलजार

**भोपाल, यशभारत। दीपावली की सीजनल ग्राहकी ने बर्तन बाजार का सन्नाटा तोड़ दिया है। बाजार में धनतेरस के लिए रौनक पसरी है। आज धनतेरस पर बाजार में अच्छे उठाव की उम्मीद है। परंपरागत स्टील के बर्तनों के साथ कापर बेस बर्तनों की ग्राहकों में अच्छी डिमांड है।**

**स्टील के साथ थर्मोवेयर एवं कापर बेस बर्तनों की मांग बढ़ी**

धनतेरस बर्तन बाजार के लिए त्योहारी एवं मांगलिक सीजन की शुरुआत का दिन है। इस बार बाजार में स्टील की थाली, गिलास, लोटा, चम्मच, भगौना, टंकी, स्टील और कुकर जैसे परंपरागत बर्तनों के साथ थर्मोवेयर एवं कापर बेस बर्तनों का नया स्टाक आया है। व्यापारियों के मुताबिक मिक्सर, नान स्टिक वैरायटी के साथ शगनु के तौर पर पूजा थाली, अगरदान, दीपक आदि की अच्छी खरीदी हो रही है। थर्मोवेयर में वाटर बाटल, केसरोल एवं फ्लास्क आदि की खरीदी लोग गिफ्ट देने के लिए करते हैं। धनतेरस के साथ ही मिठाई एवं गिफ्ट के साथ शुभकामनाएं देने का दौर शुरू हो जाता है। एक अनुमान के अनुसार धनतेरस के साथ शुरू हुए सीजन में बर्तन बाजार में करीब दो करो? र्स्पये का कारोबार होता है।धनतेरस पर लोग घर की जरूरत के बर्तन भी खरीदते हैं। स्वास्थ्य जागरूकता ब? रही है। इसका असर बर्तन बाजार पर भी नजर आ रहा है। कापर बेस यानी तांबे के बर्तनों की मांग बढ़ी है। सामान्य स्टील के बर्तन जहां 250 से 750 र्स्पये प्रति किलो के भाव में बिक रहे हैं, वहीं कापर बेस बर्तन के भाव दोगुना से भी अधिक हैं लेकिन मांग बनी हुई है। कुकर की नई वैरायटी की अच्छी मांग हैं। ऐसे कुकर भी बाजार में आ गए हैं जो कढ़ाई का काम भी करते हैं। ढक्कन हटाने पर इसे क?ाई के रूप में उपयोग किया जा सकता है। थर्मोवेयर एवं टपरवेयर की मांग भी बनी हुई है।

### डिजायनर गिफ्ट पैक भी बाजार में

बर्तनों के साथ अब डिजायनर गिफ्ट पैक बर्तन भी बाजार का हिस्सा हो गए हैं। बर्तन व्यापारी संघ के पदाधिकारी भगवान तेजवानी के अनुसार डिनर सेट, ट्रेवलिंग सेट, हाटपाट, कैसरोल की नई वैरायटी ग्राहकों को लुभा रही है। व्यापारियों के अनुसार लुभावनी पैकिंग के कारण इन बर्तनों को किसी को भी सीधे गिफ्ट किया जा सकता है। इन्हें अलग से पैक कराने की जरूरत नहीं है। ब?ी कंपनियां, बैंक एवं वित्तीय संस्थान आदि क्षेत्रों से भी बाजार में अच्छी मांग आई है इससे टर्नओवर बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

# पांच हजार से अधिक लोगों ने लिया नगर निगम के प्रापर्टी एक्सपो का लाभ

**भोपाल, ईएमएस। नगर निगम द्वारा आयोजित प्रापर्टी एक्सपो का आयोजन एक सराहनीय एवं महत्वपूर्ण कदम है। इससे वास्तविक रूप से नागरिक जुड़े हैं और उन्हें इसका लाभ भी प्राप्त होगा। नागरिकों को रहने के लिए अपनी छत और स्वरोजगार के रियायती दरों पर दुकान दिलवाने में नगर निगम हर संभव मदद करेगा।**

यह बात शुक्रवार को मोतीलाल नेहरू विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम) मैदान में प्रापर्टी एक्सपो के समापन अवसर पर महापौर मालती राय ने कही। इस तीन दिवसीय प्रापर्टी एक्सपो में पांच हजार से अधिक लोगों को फायदा मिला है। मेला स्थल पर ही उन्हें मकान-दुकान की जानकारी के साथ फाइनेंस की सुविधा भी मुहैया उपलब्ध कराई गई थी। बता दें कि नगर निगम भोपाल द्वारा अपनी आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए तीन दिवसीय प्रापर्टी एक्सपो-2022 का आयोजन किया गया। एक्सपो आयोजन के तीन दिनों में पांच हजार से अधिक नागरिकों ने अपना पंजीयन कराया और विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही बड़ी संख्या में नागरिकों ने वेबसाइट पर भी निगम की प्रापर्टियों को सर्च किया। पचास से अधिक नागरिकों ने





सम्पत्तियों में अपनी रूचि दिखाते हुए विभिन्न श्रेणियों के आवास भी बुक कराए। सम्पत्तियों की बुकिंग कराने वालों को साइट का निरीक्षण भी कराया गया। खरीदारों ने अपनी पसंद के आवासों में निगम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना भी की।समापन अवसर पर महापौर के साथ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, भोपाल सांसद प्रज्ञा ठाकुर, पूर्व कैबिनेट मंत्री उमाशंकर गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, निगमायुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी, ओरिएंटल कालेज के प्रवीण ठकराल, एलएनसीटी के चेयरमैन जयनारायण चौकसे समेत एमआइसी सदस्य और निगम कर्मचारी मौजूद रहे।

### महिलाओं के लिए बनाए जाएंगे महिला बाजार

महापौर मालती राय ने बताया कि शहर की वे महिलाएं जो खुद का व्यवसाय करने की इच्छा रखती हैं, उनके लिए महिला बाजार बनाए जाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस योजना के तहत एक ऐसा बाजार बनाया जाएगा, जहां खरीदारी के लिए केवल महिलाएं ही आ सकती हैं और यहां दुकानदार भी महिलाएं की ही होंगी।

# तीन हजार का इनामी किन्नर काजल बंबइया स्टेशन से गिरफ्तार

**भोपाल, यशभारत।** बैरागढ़ पुलिस ने तीन हजार के इनामी कुख्यात किन्नर काजल बंबइया कोरेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह मुंबई भागने की फिराक में था। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। विगत बुधवार को किन्नरों के समूह ने काजल बंबइया और उसके साथी की गुंडागर्दी से परेशान होकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय में प्रदर्शन किया था। तब आला पुलिस अधिकारियों द्वारा आरोपित किन्नर के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद ही किन्नर माने थे।गौरतलब है कि निशातपुरा थाना इलाके में रहने वाली 27 वर्षीय किन्नर अलीसा से गत सोमवार की रात किन्नर काजल बंबइया और कायनात ने उसके घर में



घुसकर पांच हजार रुपये की अड़ी डाली थी। रुपये देने से मना करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। अलीसा की शिकायत पर दोनों किन्नरों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया था। किन्नर बदमाश काजल बंबइया और उसके साथी कायनात पर राजधानी के विभिन्न थानों में कई अपराध दर्ज है। आरोपित की तलाश के लिए एक टीम गठित कर किन्नर बदमाश काजल बम्बईया व कायनात मिर्जा को पकड़ने के लिए लगाई गई थी। मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि किन्नर डान काजल बंबइया जो रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर छह के पास मुबंई शहर भागने की फिराक में है और ट्रेन का इंतजार कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल टीम को कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। पुलिस को देख काजल बबंइया ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया।

# नर्सिंग कालेजों को सुप्रीम कोर्ट से राहत, सीबीआई जांच पर लगाई रोक

**भोपाल,यशभारत।** सुप्रीम कोर्ट ने नर्सिंग कालेजों की सीबीआइ जांच पर रोक लगा दी। इस आदेश से कालेजों को बड़ी राहत मिल गई। कोर्ट ने मध्य प्रदेश शासन व मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। 29 नवंबर को स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) की सुनवाई फिर से होगी। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने 28 सितंबर 2022 को ग्वालियर अंचल के 35 नर्सिंग कालेजों की याचिकाओं का निराकरण करते हुए सीबीआइ जांच के आदेश दिए थे। कोर्ट ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल, मप्र नर्सिंग काउंसिल, मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर की भूमिका की जांच के आदेश दिए थे। यह कालेज मान्यता व संबद्धता के मानकों को पूरा नहीं कर रहे थे, फिर भी मान्यता दे दी गई। मान्यता व संबद्धता में की गई गड़बड़ियों को हाई कोर्ट ने पकड़ लिया। इसे संज्ञान में लेते हुए सीबीआइ जांच के आदेश दिए।



















# चाचा कहकर गले लगाया और छीन ली सोने की चैन

## पुलिस ने आरोपी को दबोचा, 40 हजार की सोने की चैन बरामद

**जबलपुर, यशभारत।** गोराबाजार में रिटायर्ड फौजी को गले लगाकर चैन चोरी करने का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया था। फौजी के पास आए शातिर चोर ने कहा कि बहू के जन्मदिन पर घर जरुर आना और चैन पार कर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। जिससे पूछताछ जारी है। गौरतलब है कि माता प्रसाद यादव 26 वर्ष निवासी बिलहरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मिल्ट्री डेरी फर्म से सेवा निवृत्त है। पिछले दिनों डीमार्ट के सामने देर रात खड़े होकर दोस्त के साथ शराब पी और घर के लिए निकला। तभी स्कूटी जैसी गाड़ी से उसके पीछे से आकर उसे रोक लिया तथा उससे लिपट गया और बोलने लगा कि चाचा बहू के जन्मदिन में आना, नहीं तो मैं उठा कर ले जाउंगा। ऐसा कहते हुये अपनी स्कूटी लेकर चला गया जब वह अपने घर पहुंचा तभी उसने देखा कि गले में पहनी हुई सोने की चैन लगभग लगभग 40 हजार रूपये की गायब थी।

### सोने की चैन बरामद

थाना प्रभारी विजय परस्ते ने बताया कि मामले में जांच करते हुए आरोपी अरुण जाट को दबोचा गया है जो स्थानीय निवासी है और पूरे प्लान के साथ वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के पास से सोने की चैन बरामद कर ली गई है।

# माढ़ोताल में अधेड़ की मौत : तनाव में आकर पी लिया जहर

**जबलपुर, यशभारत।** माढोताल के ग्रीनसिटी में तनाव के चलते एक अधेड़ ने जहर खा लिया। परिजनों ने जब अधेड़ के मुंह से झाग निकलते हुए देखी तो दंग रह गये, जिसके बाद उसे नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया, लेकिन इलाज के दौरान ही अधेड़ ने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सुबोध कुमार अग्रवाल 52 वर्ष निवासी ग्रीनसिटी कान्हा परिसर थाना माढ़ोताल ने देर रात जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसे मेडिकल में भर्ती किया गया था। लेकिन इलाज के दौरान ही अधेड़ ने दम तोड़ दिया।


# बरेला में नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार

**जबलपुर, यशभारत।** बरेला के गौर चौकी अंतर्गत एक नाबालिग का अपहरण कर आरोपी ने उसका दैहिक शोषण किया और फिर उसे छोड़ दिया। पुलिस ने नाबालिग को दस्तयाब कर, आरोपी को दबोच लिया है। टेकचंद शर्मा प्रभारी गौर चौकी ने बताया कि दो दिन पहले नानी के घर आई 16 वर्षीय किशोरी घर से बिन बताए गायब हो गयी थी। परिजनों की शिकायत के बाद अपहरण का मामला दर्ज कर, जांच में लिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने किशोरी को दस्तयाब कर लिया। जिसने बताया कि आरोपी सचिन झारिया ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर छोड़ दिया। पुलिस ने पास्को एक्ट, बलात्कार सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर,मामले की जांच कर रही है।



















# कल महामुकाबला

## पाकिस्तान के खिलाफ गौतम गंभीर ने चुनी प्लेइंग-11, भुवनेश्वर-कार्तिक को किया बाहर





**नई दिल्ली एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-12 राउंड की शुरुआत कल यानी शनिवार से होने जा रही है। 22 अक्तूबर को पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सामना न्यूजीलैंड से होगा। वहीं, भारतीय टीम रविवार को अपना पहला मैच खेलेगी। भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। यह मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। इस मैच का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आईसीसी के मुताबिक, इस मुकाबले की पूरी टिकट एक घंटे के अंदर बिक गई थी। यानी की यह मैच दर्शकों से खचाखच भरा रहने वाला है। भारत के लिए भी यह मैच महत्वपूर्ण है। पिछले साल यूएई में हुए टी20 विश्व कप में पाकिस्तान ने भारत को सुपर-12 राउंड में हराया था। टीम इंडिया इस हार का बदला भी लेना चाहेगी। पूर्व दिग्गज ओपनर गौतम गंभीर ने टी20 विश्व कप के लिए भारतीय प्लेइंग-11 चुनी है। उन्होंने इसमें कई बड़े बदलाव किए हैं। गंभीर 2007 में टी20 वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली टीम इंडिया के सदस्य थे। उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गंभीर ने अपने प्लेइंग-11 में टॉप चार बल्लेबाजों को कॉमन रखा है। यानी की ओपनर के तौर पर रोहित शर्मा और केएल राहुल, मिडिल ऑर्डर में विराट कोहली और सूर्यकुमार खेलेंगे ही। गंभीर ने इसके बाद के खिलाड़ियों का चुनाव किया है। उन्होंने गेंदबाजों में भी भुवनेश्वर कुमार पर मोहम्मद शमी को तरजीह दी है। गंभीर के मुताबिक, पाकिस्तान के खिलाफ तीन भारतीय तेज गेंदबाज खेलेंगे। गंभीर ने एक न्यूज चैनल से कहा- मेरे विचार से शमी को भुवनेश्वर की जगह मौका देना चाहिए। अर्शदीप और हर्षल पटेल दो अन्य पेसर होंगे। युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल दो स्पिनर होंगे। चौथे सीमर के रूप में हार्दिक पांड्या खेलेंगे। शमी शुरुआती ओवरों में और डेथ ओवरों, दोनों में अच्छी गेंदबाजी करते हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वॉर्म-अप मैच में गजब की गेंदबाजी की थी। इसके अलावा गंभीर ने दिनेश कार्तिक की जगह ऋषभ पंत को मौका दिए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि उन्हें क्यों लगता है कि दिनेश कार्तिक के ऊपर ऋषभ पंत को तरजीह दी जानी चाहिए। गंभीर ने कहा- आप सिर्फ 10 गेंद खेलने के लिए बल्लेबाज नहीं चुनते हैं। आप एक बल्लेबाज चुनते हैं जो लंबे समय तक बल्लेबाजी कर सकता है और कार्तिक को वह भूमिका नहीं दी गई है या उन्होंने खुद उस तरह की बल्लेबाजी नहीं की है। गंभीर ने कहा- वह डेथ ओवर्स में सिर्फ तीन या चार ओवर खेलने के लिए आते हैं। अगर भारत जल्दी विकेट खो देता है, तब क्या होगा? तब आपको पंत की जरूरत है, क्योंकि आप हार्दिक को इतनी जल्दी मैदान में नहीं भेजना चाहते। गंभीर ने आखिर में यह भी कहा कि उनकी टीम में पंत होते, लेकिन टीम मैनेजमेंट कार्तिक को ही मौका दे सकता है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जो एकमात्र वॉर्म अप मैच खेला था, उसमें भी कार्तिक को ही मौका दिया गया था। भारत को सुपर-12 राउंड के ग्रुप-बी में रखा गया है। इसमें टीम इंडिया के अलावा पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, नीदरलैंड और जिम्बाब्वे की टीम है।

### टी-20 वर्ल्ड कप की फाइनलिस्ट आज फिर आमने-सामने होंगी

# न्यूजीलैंड के पास बदला लेने का मौका ऑस्ट्रेलिया जीत दोहराना चाहेगा

**सिडनी, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-12 के मुकाबले आज से शुरू हो रहे हैं। सुपर-12 का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और रनरअप न्यूजीलैंड के बीच दोपहर 12:30 बजे से खेला जारहा । सिडनी में होने वाले इस मुकाबले पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विभाग ने शनिवार को वहां भारी बारिश की आशंका जताई है। इस मुकाबले में उतरते ही दोनों ही टीमों को पिछले टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला याद आएगा। न्यूजीलैंड के पास फाइनल में मिली हार का बदला लेने का मौका होगा। जबकि ऑस्ट्रेलिया रिजल्ट दोहराते हुए जीत से शुरुआत करना चाहेगा। दुबई में हुए उस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराते हुए पहली बार खिताब जीता था। सबसे पहले उस मैच का ब्रीफ स्कोर देख लेते हैं। इसके बाद पिच रिपोर्ट और दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11 के बारे में जानेंगे। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड ने एक-दूसरे के खिलाफ वनडे सीरीज खेली थी। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 की जीत हासिल की है। इसके बाद इस वर्ल्ड कप के लिए वार्म अप मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ 6 रन से हार गई थी। वहीं, न्यूजीलैंड को दक्षिण अफ्रीका ने हराया।



### ऑस्ट्रेलिया के पास बेहतर टीम कॉम्बिनेशन

इस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को हराना सभी टीमों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। पिछले एक साल में ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले से और ज्यादा मजबूत हुई है। टीम के पास डेविड वार्नर, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल मार्श, जोश हेजलवुड, मिलेच स्टार्क जैसे कई मैच विनर हैं। हालांकि, चोट ने कंगारुओं की प्लानिंग को कुछ झटके जरूर दिए हैं। 19 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस सिडनी में गोल्फ खेलते हुए हाथ में चोट लगने के बाद टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को टीम में शामिल किया गया है।

### न्यूजीलैंड करती है सरप्राइज

न्यूजीलैंड को बड़े टूर्नामेंट में अक्सर खिताब का दावेदार नहीं माना जाता। लेकिन पिछले कुछ ह्रष्ट इवेंट्स में कीवी टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। टीम दो वनडे वर्ल्ड कप और एक टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची। साथ ही उसने वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के पहले सीजन पर कब्जा जमाया।

### 6 साल बाद इंग्लैंड-अफगानिस्तान मुकाबला

टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-12 राउंड का दूसरा मैच शनिवार को इंग्लैंड-अफगानिस्तान के बीच पर्थ के वाका ग्राउंड पर खेला जाएगा। ग्रुप-1 के इस मैच में कागज पर इंग्लैंड की टीम ज्यादा दमदार नजर आ रही है। लेकिन अफगानिस्तान की टीम अपने दिन किसी भी प्रतिद्वंद्वी को उलटफेर का शिकार बना सकती है। दोनों टीमें 6 साल के बाद टी-20 फॉर्मेट में एक-दूसरे के सामने हो रही हैं। इससे पहले इनके बीच आखिरी मुकाबला 2016 में हुआ था। इस स्टोरी में हम वेदर कंडीशन, पिच रिपोर्ट और दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11 जानेंगे। सबसे पहले पिछले वर्ल्ड कप के बाद इंग्लिश बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर नजर डालते हैं। जो नीचे की स्लाइड में दिया गया है।

### इंग्लैंड को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले लगा तगड़ा झटका

इंग्लैंड की टीम को वर्ल्ड कप की शुरुआत से पहले गेंदबाजी के मोर्चे पर तगड़ा झटका लगा है। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से इंग्लिश टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज रीस टोपली चोटिल होने की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। वे नई गेंद के साथ-साथ डेथ ओवर्स में भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे। बल्लेबाजी में लियाम लिविंगस्टन की चोट भी चिंता का कारण है। अगर वे फिट हो जाते हैं तो प्लेइंग-11 में हैरी ब्रुक के ऊपर उन्हें तवज्जो दी जा सकती है। अब नजर डालिए टॉप-1 विकेट टेकर्स पर...

### गुरबाज की चोट पर रहेगी नजर

अफगानिस्तान की टीम भी चोट की समस्या से जूझ रही है। टीम के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को पाकिस्तान के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर चोट लग गई थी। गेंद उनके पैर के अंगुठे पर लगी थी। अच्छी खबर यह है कि गुरजाब का अंगूठा टूटा नहीं है। हालांकि, वे मैच में खेलेंगे या नहीं इस पर आखिरी फैसला मुकाबले से एक घंटा पहले ही लिया जाएगा। अब अफगानिस्तान के टॉप-3 स्कोरर...

### आसमान साफ, पिच रनों से भरपूर

मैच के दौरान आसमान साफ रहने की उम्मीद है। यहां ऑस्ट्रेलिया की अन्य पिचों की तुलना में ज्यादा उछाल है। लेकिन साथ ही रन भी खूब बनते हैं। यहां का सबसे बड़ा स्कोर 186 रन और सबसे कम स्कोर 132 रन है। अब देखिए अफगानी गेंदबाजों का प्रदर्शन...

### अब बारी दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11 की...

इंग्लैंडः जोस बटलर (कप्तान), एलेक्स हेल्स, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, लियाम लिविंगस्टन, मोइन अली, सैम करन, क्रिस वोक्स, क्रिस जॉर्डन, आदिल राशिद और मार्क वुड।

**अफगानिस्तानः** हजरतुल्लाह जजई, रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, दारविश रसूली, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद नबी (कप्तान), अजमतुल्लाह ओमारजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, फजलहक फारुकी।





# उर्फी जावेद ने तोड़ा फैंस का दिल, खा लिया शादी का लड्डू! वीडियो पोस्ट कर कही ऐसी बात टूट जाएगा फैंस का दिल

नई दिल्ली जेएनएन। बिग बॉस ओटीटी कंटेस्टेंट और टीवी एक्ट्रेस उर्फी जावेद इन दिनों सोशल मीडिया सेंसेशन बनी हुई हैं। वो लगातार अपने अतरंगी ड्रेसिंग और लुक से लोगों को हैरान करती दिख रही हैं। उनके हर लुक कुछ ऐसा होता है कि फैंस अपनी आंखों पर यकीन ही नहीं कर पाते हैं। उन्हें हर बार अपने कपड़ों की वजह से ट्रोल भी होना पड़ता है। लेकिन इस बार तो उन्होंने अपने फैंस का दिल ही तोड़ दिया। उर्फी अब सब कुछ भूल शादी के बंधन के बंधने जा रही हैं। आपको बता दें कि उर्फी ने शादी का लड्डू खा लिया है। यहां जानें पूरा मामला...

### उर्फी ने तोड़ा फैंस का दिल

उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में पहले वो ब्रालेट और सिंपल पजामा पहने सोफे पर बैठकर अपना फोन चलाती दिख रही हैं। फिर अचानक की उनके गेट की घंटी बजती है और कोई उन्हें शादी के लड्डू का डिब्बा पकड़ाकर चला जाता है। वहीं उर्फी उस डिब्बे से एक लड्डू निकालकर अपने हाथ में लेती हैं। इसके बाद बस पलक झपकते ही उनके कपड़े चेंज हो जाते हैं और हॉट सी साड़ी में दिखने में दिखने लगती हैं।

### शादी को लेकर उर्फी ने कही ऐसी बात

उर्फी जावेद इस वीडियो में आगे कहती हैं, क्या सोचा था कि लड्डू का भी आउटफिट बना दूंगी। कुछ चीजें एक्सपीरियंस के लिए भी होती हैं। वो कहते हैं ना कि जो शादी का लड्डू खाए वो भी पछताए और जो न खाए वो भी पछताए। इसके बाद वो अपने हाथ में पकड़े हुए लड्डू को खा लेती हैं और कहती हैं कि बेहतर है कि इसे खा ही लिया जाए। उर्फी का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसपर लगातार फैंस के रिएक्शन आ रहे हैं।

# करण कुंद्रा 12 साल की रीवा अरोड़ा संग रोमांस कर हुए ट्रोल, आपको याद है उरी की ये बच्ची?

**मुंबई, एजेंसी।** करण कुंद्रा के बाद अब मीका सिंह ट्रोल्स के निशाने पर आ गए हैं। दरअसल करण और मीका दोनों उम्र में काफी छोटी एक्ट्रेस रीवा अरोड़ा के साथ रील्स में डांस करते नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि रीवा वहीं हैं जिन्होंने उरी फिल्म में विकी कौशल की भांजी का रोल प्ले किया था। वह गुंजन सक्सेना में जाह्नवी के बचपन का रोल भी निभा चुकी हैं। इंटरनेट के मुताबिक, रीवा की उम्र अभी महज 12 साल है। सोशल मीडिया पर करण कुंद्रा और मीका सिंह के साथ रीवा के पेरेंट्स को भी काफी भला-बुरा कहा जा रहा है।

### मां पर इंजेक्शन लगवाने का आरोप

चाइल्ड एक्टर रीवा अपने ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर सुर्खियों में हैं। रीवा फिल्म और उरी और गुंजन सक्सेना में एक्टिंग कर रही हैं। अब करण कुंद्रा और मीका सिंह के साथ उन्हें डांस करते हुए देख हर कोई दंग है। रीवा ने करण कुंद्रा के साथ उनके गाने अंखियां पर रील बनाई है। इसमें वह रोमांटिक पेयर के रूप में दिखाए गए हैं। वीडियो देखकर लोगों ने खूब ट्रोल किया है। एक यूजर ने यह भी लिखा है कि रीवा की मां ने उनको हॉरमोन्स के इंजेक्शंस लगवाए हैं ताकि उनके इंस्टा फॉलोअर्स बढ़ें और फिल्मों में रोल मिल सके। वहीं कई लोगों का कहना है कि रीवा की सर्जरी भी करवाई गई है। रीवा को लंबा दिखाने के लिए हाई हील्स पहनाई गई हैं। लोगों ने इस पर भी कमेंट्स किए हैं। करण कुंद्रा के बाद रीवा की एक वीडियो क्लिप मीका सिंह के साथ भी वायरल। इस पर मीका और रीवा के उम्र के फर्क को लेकर ट्रोलिंग की जा रही है। बता दें कि मीका सिंह 45 और करण कुंद्रा की उम्र 38 साल है।

# शालीन भनोट के टच से असहज होती हैं सौंदर्या शर्मा?

### बिग बॉस के सामने मान्या ने किया बड़ा खुलासा



**मुंबई, एजेंसी।** टीवी के कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस 16 में रोज नया बवाल देखने को मिल रहा है। शो को मजेदार बनाने के लिए मेकर्स हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं, जिस वजह से बिग बॉस के घर में आए दिन मजेदार ट्विस्ट देखने को मिल रहे हैं। बीते एपिसोड में बिग बॉस ने घरवालों से ढेर सारी बातें कीं। या यूं कहें कि कंटेस्टेंट्स ने बिग बॉस के साथ मिलकर एक-दूसरे की चुगली की। इस दौरान मान्या सिंह ने सौंदर्या शर्मा और शालीन भनोट को लेकर एक बड़ा खुलासा है। दरअसल, मान्या सिंह जब कंफेशन रूम में चुगली करने आई, तब उन्होंने सबसे पहले सुंबुल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि सुंबुल शालीन के लिए थोड़ा-थोड़ा फील करती है। जब भी शालीन टीना के साथ बैठते हैं या बात करते हैं तब सुंबुल को जलन होती है। इसके बाद मान्या ने बिग बॉस से सौंदर्या और गौतम की बात की। मान्या ने बताया कि सौंदर्या को गौतम का टच पसंद नहीं है और यह बात सौंदर्या ने ही उन्हें बताई थी। मान्या ने बताया कि शुरुआती दिनों में सौंदर्या शालीन को पसंद करती थीं। उसने कई बार ऐसे हिंट दिए थे, जिससे यह साबित होता है कि उसके मन में शालीन के लिए फीलिंग्स है। लेकिन फिर गौतम कैप्टन बन गया और वह गौतम की तरफ हो गई। इसके आगे उन्होंने बताया कि सौंदर्या ने ही मुझे बताया था कि शालीन उसके साथ गलत तरह से बिहेव करते हैं। सौंदर्या ने मुझसे कहा था कि शालीन के टच से मैं असहज हो जाती हूं। यह बात मैंने किसी को नहीं बताई। अगर मैं सौंदर्या की जगह होती और मुझे ऐसे टच किया जाता तो मैं उसके खिलाफ आवाज ठाती। मुझे कभी ऐसा नहीं लगा शालीन ने कभी मुझे गलत तरीके से टच किया। मान्या ने आखिर में यह भी कहा कि मैं जितना सौंदर्या को जानती हूं वो वैसी यहां नहीं है, जैसी बाहर है। मैंने हमेशा गौतम को सौंदर्या से सतर्क रहने के लिए कहा है। ऐसे इसलिए है क्योंकि मैं गौतम की परवाह करती हूं। मैं कभी चाहती कि गौतम हर्ट हो। सौंदर्या ने शिव, एमसी स्टैन को भी अनकंफर्टेबल किया है।

### विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव समेत कई खिलाड़ियों ने नहीं की प्रैक्टिस तो गुस्साए सुनील गावस्कर ने सुनाई खरी-खोटी

**नई दिल्ली, ईएमएस।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 में टीम इंडिया अपने अभियान का आगाज 23 अक्टूबर को चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। इस महामुकाबले से पहले भारतीय पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर टीम इंडिया की एक हरकत पर भड़क गए और उन्होंने इसको लेकर टीम को खूब खरी-खोटी सुनाई। दरअसल, भारत को पाकिस्तान के खिलाफ महामुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो वॉर्म-अप मैच खेलने थे। ऑस्ट्रेलिया को तो भारत हराने में कामयाब रही, मगर न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। एक वॉर्म-अप मैच मिस करने के बाद भारत ने मेलबर्न में ऑप्शनल प्रैक्टिस सेशन रखा जिसमें टीम के सभी खिलाड़ियों को हिस्सा लेना जरूर नहीं होता है। हाल ही में यह खबर आई थी कि इस प्रैक्टिस सेशन से विराट कोहली, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों ने ब्रेक लिया था। टीम इंडिया के इस फैसले से सुनील गावस्कर काफी नाराज नजर आए। उनका कहना है कि वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लेने का विकल्प खिलाड़ियों के पास नहीं होना चाहिए। इंडिया टुडे से बात करेत हुए लिटिल मास्टर ने कहा मुझे नहीं पता कि यह आपको क्या बताता है लेकिन यह कुछ ऐसा है जिससे मैं सहमत नहीं हूं।

# संजय दत्त का क्या भर गया हिंदी फिल्मों से मोह, कहा- अब ज्यादा साउथ फिल्में करूंगा, बॉलीवुड को तो...

**नई दिल्ली, ईएमएस।** संजय दत्त पिछले कुछ समय से साउथ फिल्मों में काम कर रहे हैं। केजीएफ चैप्टर 2 से कन्नड़ इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद अब संजय फिल्म थलापति 67 के जरिए तमिल फिल्मों में एंट्री लें रहे हैं। वहीं जल्द ही संजय की दूसरी कन्नड़ फिल्म केडी द डेविल रिलीज के लिए तैयार है। अब हाल ही में फिल्म का हिंदी टाइटल टीजर रिलीज हुआ है। इसी इवेंट के दौरान संजय ने कहा कि वह अब और साउथ फिल्मों में काम करना चाहते हैं। इतना ही नहीं संजय ने यह भी बताया कि बॉलीवुड इंडस्ट्री को इस समय साउथ सिनेमा से क्या सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड को अपनी जड़ नहीं भूलनी चाहिए। संजय ने कहा, मैंने केजीएफ में काम किया और अब मैं डायरेक्टर प्रेम के साथ केडी - द डेविल में काम कर रहा हूं। मुझे ऐसा लतगता है कि अब मैं और साउथ इंडियन फिल्मो में काम करने वाला हूं।



### फिल्म क्या देगी आरआर-केजीएफ को टक्कर

इस इवेंट के दौरान लाइव हिंदुस्तान ने फिल्म के डायरेक्टर प्रेम और एक्टर ध्रुव से सवाल किया था कि क्या ये फिल्म बाहुबली, आरआरआर और केजीएफ का रिकॉर्ड तोड़ पाएगी तो इस दौरान ध्रुव ने कहा कि मैं कोई फेक कमेंट नहीं करने वाला, लेकिन अगर दर्शकों को फिल्म पसंद आएगी तो ये फिल्म जरूर उनका रिकॉर्ड तोड़ पाएगी।

### संजय की हिंदी फिल्म

संजय की हिंदी फिल्म की बात करें तो इससे पहले बॉलीवुड फिल्म शमशेरा में नजर आए थे जिसमें उनके साथ रणबीर कपूर लीड रोल में थे। हालांकि फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला और फिल्म फ्लॉप हो गई थी। वहीं उससे पहले वह फिल्म पृथ्वीराज में भी थे जिसमें अक्षय कुमार लीड रोल में थे, लेकिन यह फिल्म भी फ्लॉप हो गई थी। अब संजय फिल्म घुड़चढ़ी में नजर आएंगे जिसमें उनके साथ रवीना टंडन, पार्थ समथान और खुशाली कुमार लीड रोल में होंगी।

### साउथ में पैशन और प्यार

ई टाइम्स से बात करते हुए संजय ने कहा, मैंने केजीएफ और एस एस राजामौली सर के साथ काम किया। मैंने देखा कि यहां बहुत पैशन, प्यार और एनर्जी के साथ फिल्में बनाई जा रही हैं तो मुझे लगता है कि बॉलीवुड को ये सब नहीं भूलना चाहिए।

# इस बार दो दिन अमावस्या, दोनों दिन मनाई जा सकेगी दीवाली

**कटनी, यशभारत।** हिन्दू संस्कृति का प्रमुख पर्व दीपावली हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है, लेकिन इस बार दीपावली दो तारीखों के पेंच में फंसी हुई है। इस साल 24 और 25 अक्टूबर दोनों ही दिन अमावस्या है। हिन्दू पंचांग के अनुसार 24 अक्टूबर को प्रदोष काल में अमावस्या तिथि होगी। उस दिन निश्चित काल में अमावस्या तिथि रहेगी। वहीं 25 अक्टूबर को अमावस्या तिथि प्रदोष काल से पहले ही समाप्त हो रही है, इसलिए 24 अक्टूबर को पूरे देश में दीपावली मनाई जाएगी।

## कब से कब तक मनाई जाएगी दीपावली


हिंदू पंचांग के अनुसार चतुर्दशी तिथि का समापन 24 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 28 मिनट पर होगा। इसके बाद अमावस्या तिथि शुरू हो जाएगी। अमावस्या तिथि 25 अक्टूबर को शाम 4 बजकर 19 मिनट तक रहेगी। यानी 24 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 28 मिनट से लेकर 25 अक्टूबर शाम 4 बजकर 19 मिनट तक दिवाली मनाई जा सकेगी।

## लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त

हिन्दू पंचांग के अनुसार 24 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा मुहूर्त शाम 6 बजकर 54 मिनट शाम से रात 8 बजकर 18 मिनट तक है, जो एक घंटे 24 मिनट रहेगा। हालांकि अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार कुछ जानकारी अलग-अलग समय भी बता रहे हैं।






























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)